## रवींद्र भवन में राज्य स्तरीय युवा उत्सव

# धोती-कुर्ता में पिरामिड बनाकर किया बाहुबल का प्रदर्शन, दिखीं कृष्ण लीलाएं





रिपोर्टर • IamBhopal
Mobile no. 6266349352

रंग-रंगीलें माहौल के साथ सोमवार को रवींद्र भवन में राज्य स्तरीय युवा उत्सव 2025 कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इसमें महाकौशल अंचल के कलाकारों ने अहीर लोक नृत्य की प्रस्तुति दी, जिसमें नर्तक साफा, धोती-कुर्ता, हसली, घुंघरू और तोड़े पहने हुए थे। उन्होंने दोहों के रूप में गीतों के साथ पिरामिड बनाकर बाहुबल का प्रदर्शन किया। इसमें भगवान श्रीकृष्ण की विभिन्न लीलाओं की झलक देखने को मिली।

### प्रतिभाओं को किया सम्मानित

समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कला एवं खेल क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले प्रतिभाओं को भी सम्मानित किया। इसमें रायगढ़ घराने के कथक आचार्य पद्मश्री रामलाल बरेठ का सम्मान 51 हजार रुपए की राशि प्रदान कर किया। इसी क्रम में खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली एथलेटिक्स खिलाड़ी रंजना यादव को 1 लाख रुपए, शूटिंग खिलाड़ी ऐश्वर्या प्रताप सिंह तोमर को 2 लाख रुपए की सम्मान राशि प्रदान की गई। राज्य स्तर पर लगभग 300 प्रतिभागियों में से सर्वश्रेष्ठ 30 युवाओं का चयन किया जाएगा, जो 10 से 12 जनवरी 2026, नई दिल्ली के भारत मंडपम में होने वाले राष्ट्रीय युवा उत्सव में मप्र का प्रतिनिधित्व व पीएम मोदी से भेंट करेंगे।

राज एक्सप्रेस
मंगलवार, 18 नवम्बर , 2025

### मुख्यमंत्री ने रवीन्द्र भवन में 29वें राज्य स्तरीय युवा उत्सव कार्यक्रम को किया संबोधित

# सरकार ने प्रदेश के 7 लाख युवाओं को पांच हजार करोड़ का दिया लोन

## कहा- युवाओं को जल्द 1 लाख सरकारी पदों पर मिलेंगे नौकरी के अवसर




सोमवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रवींद्र भवन में आयोजित 29वें राज्य स्तरीय युवा उत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए।

● भोपाल / प्रशासनिक संवाददाता

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मप्र देश के सबसे युवा राज्यों में से एक है। हमारा प्रदेश युवा शक्ति की नई ऊर्जा, नई उमंग से भरपूर है। यही राज्य की असली मैनपॉवर है, जिनके हाथों में विकसित भारत का भविष्य पूरी तरह सुरक्षित है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने वर्ष 2025 को निवेश, रोजगार और युवाओं के कौशल विकास के लिए महत्वपूर्ण वर्ष के रूप में मनाया। इस दौरान 11 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति-पत्र प्रदान किए गए। कर्मचारी चयन मंडल एवं मप्र लोक सेवा आयोग के माध्यम से लगभग एक लाख पदों पर भर्ती तेजी से जारी है। सरकार का लक्ष्य इसे 2.5 लाख भर्तियों तक पहुंचाने का है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं को आगे बढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। युवाओं को बेहतर शिक्षा, रोजगार के अवसर और उन्हें स्वावलंबी बनाना सरकार का संकल्प है। राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं में 7 लाख युवाओं को स्वरोजगार के लिए 5 हजार करोड़ के ऋण प्रदान किए गए हैं। मुख्यमंत्री सोमवार को रवीन्द्र भवन में आयोजित 29वें राज्य स्तरीय युवा उत्सव कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। प्रदेश के सभी संभागों के युवाओं द्वारा तैयार प्रादर्शों (माडल्स) के विज्ञान मेला प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। युवा उत्सव का समापन 18 नवंबर को होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना के तहत 20 हजार से अधिक युवाओं को 41 करोड़ रुपए से अधिक का स्टायपेंड दिया गया है। जॉब फेयर के माध्यम से 61 हजार से अधिक युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाए गए हैं। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने नृत्याचार्य पद्मश्री रामलाल बरेठ को 51 हजार रुपए, शूटिंग प्लेयर ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर को 2 लाख रुपए एवं एथलीट रंजना यादव को एक लाख की प्रोत्साहन राशि के चेक एवं सम्मान-पत्र प्रदान किए। उन्होंने मां तुझे प्रणाम योजना के तहत 144 युवतियों को भारत की पश्चिमी अंतरराष्ट्रीय सीमा भ्रमण के लिए जा रहीं 3 बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

## भारत को विश्व में सिरमौर बनाने का संकल्प लें युवा

खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि युवाओं ने हर काल में क्रांति का आगाज किया है। महात्मा गांधी से लेकर भगत सिंह तक सभी महापुरुषों ने युवा अवस्था में बदलाव की शुरुआत की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में प्रदेश में खेल गतिविधियों को प्रोत्साहन दिया जा रहा है। युवा खेल के माध्यम से शारीरिक रूप से स्वस्थ्य रहें, इसके लिए युवाओं को योग और खेल से जोड़ा जा रहा है। हमारे युवा विकासित भारत-2047 एवं मप्र को समृद्ध बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेंगे। प्रदेश के युवाओं को प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में भारत को सिरमौर बनाने का संकल्प लें।

## लोक कलाकारों ने मनमोहक प्रस्तुतियों से किया मंत्रमुग्ध

29वें राज्य स्तरीय युवा उत्सव के उदघाटन समारोह में बुंदेलखंड के कलाकारों ने भगवान श्रीकृष्ण पर केंद्रित लोकगीत एवं श्रीकृष्ण की विविध लीलाओं को प्रदर्शित करते लोकनृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी। इसके अलावा युवा तबला वादक समर्थ शर्मा ने सितार के साथ जुगलबंदी पेश कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। युवा खेल उत्सव में प्रदेश के सभी 10 संभागों के 300 से अधिक खिलाड़ी सहभागिता कर रहे हैं।

THE TIMES OF INDIA, BHOPAL
TUESDAY, NOVEMBER 18, 2025

# 'Will make them self-reliant': CM lauds youth, sports power

TIMES NEWS NETWORK

**Bhopal:** Invoking the historic maiden World Cup win by the Indian women's cricket team and the exploits of MP's golden girl Kranti Gaud, Chief Minister Mohan Yadav said the country's youth was breaking new grounds under the visionary leadership of Prime Minister Narendra Modi.



CM Yadav confers a cash reward of Rs 1 lakh to athlete Ranjana Yadav

Addressing the 29th state-level Youth Festival at Ravindra Bhawan after inaugurating the two-day event, the CM said the PM's governing principle of 'Sabka Saath, Sabka Vikas, Sabka Vishwas' was the engine powering the country towards its 'Viksit' (developed) goal by 2047.

Citing the country's march to being the fourth biggest global economy, fast approaching the third, the CM said Madhya Pradesh remains committed to providing its youth with better education, more employment opportunities, and pathways to self-reliance. The government has disbursed loans worth Rs 5,000 crores to 7 lakh youth for self-employment, he added.

He said through the 'Learn-Earn scheme', over 20,000 youth have received stipends totaling Rs 41 crore. More than 61,000 youth have secured employment in the private sector through job fairs, the CM announced, adding that MP was fast emerging as a major 'sports power', with its athletes bringing laurels at international events.

Terming Madhya Pradesh as one of the country's youngest states enriched by the energy and enthusiasm of its youth, the CM said his government has declared 2025 as a year of investment, employment and skill development for the state's Gen Z.

Over 11,000 youths have already received appointment letters this year, and the process of recruitment for nearly 100,000 posts is progressing rapidly through the Staff Selection Commission and the Madhya Pradesh Public Service Commission, the CM declared, adding that the state has set sights on reaching a benchmark figure of 2.5 lakh recruitments soon.

The opening day of the event saw participating youth from across the state showcasing their science fair exhibits. The festival will conclude on Tuesday.

CM Yadav also honoured young achievers on the occasion, with dance exponent and Padma Shri recipient Ramlal Bareth receiving a cash award of Rs 51,000, promising shooter Aishwarya Pratap Singh Tomar receiving Rs 2 lakh and athlete Ranjana Yadav receiving Rs 1 lakh. He also flagged off three buses under 'Maa Tujhe Pranam' scheme, taking 144 young women on a tour of India's western international borders.

पत्रिका
भोपाल, मंगलवार, 18 नवंबर 2025



# लोकगीत और लोकनृत्यों से दिखाई श्रीकृष्ण की विविध लीलाएं

**भोपाल@पत्रिका.** रवीन्द्र भवन में खेल विभाग के राज्य स्तरीय युवा उत्सव का आगाज सोमवार को हुआ। यह उत्सव 18 नवंबर तक चलेगा। इस उत्सव में प्रदेश के सभी संभागों के युवाओं द्वारा तैयार प्रादर्शों (माडल्स) के विज्ञान मेला प्रदर्शनी लगाई गई है। उत्सव के उद्घाटन समारोह में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गईं। बुंदेलखंड के कलाकारों ने भगवान श्रीकृष्ण पर केंद्रित लोकगीत एवं श्रीकृष्ण की विविध लीलाओं को प्रदर्शित करते लोकनृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में युवा तबला वादक समर्थ शर्मा ने सितार के साथ अद्भुत जुगलबंदी पेश कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। युवा खेल उत्सव में प्रदेश के सभी 10 संभागों के 300 से अधिक खिलाड़ी सहभागिता कर रहे हैं।



सोमवार को रवीन्द्र भवन में खेल विभाग के राज्य स्तरीय युवा उत्सव में बुंदेलखंड के कलाकारों ने दी मनमोहक प्रस्तुति।

